4 ताकतवर कौन?

(कहानी)

प्रतिध्वनि

"आदमी का सबसे बड़ा दुश्मन उसका अहंकार है।" – प्रेमचंद

घर के सामने चारपाई पड़ी थी। चारपाई पर एक चादर रखी थी। तेज़ हवा चलने लगी। चादर इधर-उधर उड़ने लगी। अचानक हवा और तेज़ हो गई। चादर उड़कर पेड़ की डाल पर अटक गई। वह हवा से बोली - "वाह! हवा रानी, तुम तो बहुत ताकतवर हो। मैं चारपाई पर बैठी थी। तुमने मुझे पेड़ की डाल पर लटका दिया।"

"हाँ, यह तो है। मैं चाहूँ तो सबको हिला दूँ। देखो उस चिड़िया को, कैसी लुढ़की जा रही है, बेचारी।" यह कहकर हवा ज़ोर-ज़ोर से हँसने लगी।

तभी बादल गरजा। तेज़ बारिश होने लगी। चादर गीली होकर ठिठुरने लगी। वह बोली, "बरखा रानी, तुम तो बहुत शक्तिशाली हो। देखते-ही-देखते सबको नहला डाला।"

Scanned with CamScanner

बारिश मुस्कराई। वह बोली, "हाँ, यह तो है। मैं न बरसूँ तो नदी, तालाब सब सूख जाएँ।" तभी सूरज चमकने लगा। बूँदें गायब हो गईं। कुछ ही देर में चादर भी सूख गई।

चादर बोली, "सूरज दादा, आप तो बहुत बलवान हैं, देखते- ही-देखते सारा पानी सुखा डाला।"

सूरज हँसकर बोला, "हाँ, बलवान तो मैं हूँ ही। मैं न चमकूँ तो चारों तरफ अँधेरा छा जाए।" चादर ने पूछा, "परंतु सबसे ताकतवर कौन है?"

वहाँ खड़ा बूढ़ा पेड़ यह सुनकर मुस्कराया। वह बोला, "तुम इतना भी नहीं समझतीं। ये सभी ताकतवर हैं। इन सबसे ही तो जीवन है, हम हैं, तुम हो।"

इसी बीच घर से एक औरत बाहर निकली। उसने उछलकर पेड़ से चादर उतारी। चादर को हाथ में लेकर बोली, "अरे भई, यह तो धुल भी गई और सूख भी गई। अच्छा हुआ, यह नीचे मिट्टी में नहीं गिरी।" यह सुनकर हवा, बारिश और सूरज तीनों हँसने लगे।

जीवन मूल्य संसार में कोई बड़ा या छोटा नहीं है। सभी का अपना-अपना महत्व है।

Scanned with CamScanner

शब्दार्थ

गरजना - ज़ोर की आवाज़ करना
वरखा - बारिश
ठिठुरना - सरदी से काँपना
जीवन - ज़िंदगी
बूढ़ा - वृद्ध
ताकतवर - शक्तिशाली

शिक्षण-निर्देश

❖ विद्यार्थियों को बताइए कि प्रकृति में मौजूद सभी वस्तुएँ महत्वपूर्ण होती हैं। प्रत्येक वस्तु का अपना महत्व होता है। उन्हें प्रकृति से प्राप्त होने वाले विभिन्न लाभों के बारे में बताएँ।

पाठ्यविषयी मूल्यांकन (Curricular Assessment)

लिखित [Writing Skills (comprehension, spelling, vocabulary, grammar)]

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-
   (क) चादर ने हवा से क्या कहा?
   (ख) बूढ़े पेड़ ने किसे ताकतवर बताया, और क्यों?
   (ग) हवा, बारिश और सूरज तीनों क्यों हँसने लगे?
   (घ) प्रस्तुत पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है?

2. सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए-
   (क) .... पर एक चादर रखी थी।
   (ख) तेज़ .... होने लगी।
   (ग) कुछ ही देर में .... भी सूख गई।
   (घ) .... , ... और .... तीनों हँसने लगे।

3. सही कथन पर (✓) का तथा गलत कथन पर (✗) का चिह्न लगाइए-
   (क) तेज हवा से चादर जमीन पर गिर गई।

Scanned with CamScanner

(ख) तेज बारिश में चादर गीली होकर ठिठुरने लगी। ○

(ग) सूर्य से हमें प्रकाश और गर्मी मिलती है। ○

4. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए– [Multiple Choice Questions (MCQs)]

(क) चादर कहाँ रखी हुई थी?

(i) पेड़ की डाल पर ○ (ii) चारपाई पर ○ (iii) रस्सी पर ○

(ख) बादल से हमें क्या मिलता है?

(i) बारिश ○ (ii) चाँदनी ○ (iii) प्रकाश ○

(ग) हवा का सबसे अधिक उपयोग हम किस काम में करते हैं?

(i) कपड़े सुखाने में ○ (ii) श्वास लेने में ○ (iii) गुब्बारे में ○

Scanned with CamScanner

पाठ – 4

ताकतवर कौन ?

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) चादर ने हवा से क्या कहा ?

उत्तर - चादर हवा से बोली- " वाह ! हवा रानी, तुम तो बहुत ताकतवर हो। मैं चारपाई पर बैठी थी। तुमने मुझे पेड़ की डाल पर लटका दिया। "

(ख) बूढ़े पेड़ ने किसे ताकतवर बताया , और क्यों ?

उत्तर - बूढ़े पेड़ ने हवा, बारिश एवं सूरज सभी को ताकतवर बताया क्योंकि इन सबसे ही तो जीवन संभव है।

(ग) हवा , बारिश और सूरज तीनों क्यो हँसने लगे ?

उत्तर – जब एक औरत घर से बाहर निकली ,पेड़ से चादर उतारी और बोली, "अरे भई, यह तो धुल भी गई और सूख भी गई। अच्छा हुआ , यह नीचे मिट्टी में नहीं गिरी।" यह सुनकर हवा, बारिश और सूरज तीनों हँसने लगे।

(घ) प्रस्तुत पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

उत्तर - प्रस्तुत पाठ से हमें यह शिक्षा मिलती है कि इस संसार में कोई बड़ा या छोटा नहीं है। सभी का अपना-अपना महत्व है।

<u>नोट</u>- शब्दार्थ एवं प्रश्न –उत्तर कॉपी में लिखें।

Scanned with CamScanner

2. सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए –

(क) **चारपाई** पर एक चादर रखी थी।

(ख) तेज़ **बारिश** होने लगी।

(ग) कुछ ही देर में **चादर** भी सूख गई।

(घ) **हवा , बारिश** और **सूरज** तीनों हँसने लगे।

3. सही कथन पर (√) का तथा गलत कथन पर (X) का चिह्न लगाइए –

(क) तेज़ हवा से चादर जमीन पर गिर गई। (X)

(ख) तेज़ बारिश से चादर गीली होकर ठिठुरने लगी। (√)

(ग) सूर्य से हमें प्रकाश और गर्मी मिलती है। (√)

4. सही उत्तर पर (√) का चिह्न लगाइए –

(क) चादर कहाँ रखी हुई थी ?

(i) पेड़ की डाल पर ( ) (ii) चारपाई पर (√) (iii) रस्सी पर ( )

(ख) बादल से हमें क्या मिलता है ?

(i) बारिश (√) (ii) चाँदनी ( ) (iii) प्रकाश ( )

(ग) हवा का सबसे अधिक उपयोग हम किस काम में करते हैं ?

(i) कपड़े सुखाने में ( ) (ii) श्वास लेने में (√) (iii) गुब्बारे में ( )

नोट- (i) प्रश्न 2 , 3, 4 पुस्तक (Book) में हल करें।

(ii) पुस्तक उपलब्ध न होने पर कार्य किसी रफ़ कॉपी में करें।

Scanned with CamScan

HOLIDAY HOMEWORK

1. पाठ्यपुस्तक के पाठ 1, 2, 3, 4 का वाचन (Reading) करें ।
2. पाठ 1 से 4 तक के शब्दार्थ , प्रश्न– उत्तर एवं अभ्यास के प्रश्न पढ़ें एवं याद करें ।
3. पाठ के कठिन शब्दों का अभ्यास लिख – लिखकर करें ।
4. व्याकरण के पाठ 1 एवं 2 को पढ़ें , समझें एवं प्रश्न– उत्तर याद करें।
5. लिखावट पर विशेष ध्यान दें तथा अक्षर सुंदर एवं स्पष्ट बनाने का अभ्यास करें।
6. प्रतिदिन एक पेज लेखन-अभ्यास अवश्य करें।

Scanned with CamScan